# कार्यालय नगर निगम, देहरादून। (A JnNURM City)

(का0– 0135–2714074:फैक्स– 0135–2651060: ई–मेल– nagarnigam.ddn@gmail.com)


## (अल्पकालीन निविदा सूचना)

पत्रांकः ...(स्वा)

दिनांकः 10/2/16

नगर निगम, देहरादून के 12 टाटा ऐस/हूपर वाहनों में आवश्यक मरम्मत कार्य करवाये जाने हेतु अधिकृत, अनुभवी, दक्ष व समस्त आवश्यक मशीनों से युक्त वर्कशाप/फर्म मालिकों से दिनांक 20.02.2016 की अपराह्न 3–00 बजे तक सील बन्द निविदा/दरें आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 4.00 बजे खोली जायेगी। वाहनों में मरम्मत कार्यो की पूर्ण जानकारी, निविदा प्रपत्र एवं शर्ते दिनांक 11.02.2016 से दिनांक 19.02.2016 तक रू0 1000+वैट के भुगतान पर वाहन कार्यशाला, नगर निगम, देहरादून से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर के रूप में रू0 30000/–की सी0डी0आर0, एफ0डी0आर0 अथवा एनएससी जो वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम, देहरादून के नाम प्लेज हो संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा सूचना नगर निगम देहरादून के बेवसाईज **http://nagarnigam dehradun.com** पर भी उपलब्ध रहेगा तथा प्रपत्र डाउन लोड कर निर्धारित शुल्क के ड्राफ्ट के साथ भी आवेदन किया जा सकता है।

वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून

प्रतिलिपः

1. सम्पादक हिन्दी दर्पण / पारिजात दैनिक समाचार पत्र देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना का प्रकाशन कराकर बिल समाचार पत्र की दो प्रतियों सहित भुगतान हेतु प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
2. आई0टी0 ऑफिसर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को नगर निगम की बेवसाईट पर उपलब्ध करायें।
3. नगर निगम नोटिस बोर्ड पर चश्पा हेतु।

वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून



Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

देoदून क्यु नं0 127
निविदा फार्म का मूल्य–रू0 1000+वैट 13.5

# नगर निगम, देहरादून।

नीचे लिखे कार्य के लिए मोहरबन्द लिफाफों में निविदा दिनांक 20–02–2016 की अपराह्न 3–00 बजे तक स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम, देहरादून कार्यालय में जमा करने होंगे उसके उपरान्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

कार्य का नामः **नगर निगम के कूड़ा वाहनों में आवश्यक मरम्मत कार्य।**

| क्र.सं. | वाहन सं0 | कार्य का विवरण | दर समस्त करों सहित |
|---|---|---|---|
| 1. | यू.के.07 सीए 4960 | इंजन कम्पलीड ओवर हॉल, पम्प, कमानी, सैल्फ, ब्रेक, क्लच, रेडियेटर, क्रास, यू वोल्ट, बैट्री टर्मिनल, वायर आदि कार्य। | |
| 2. | यू.के.07 सीए 4970 | इंजन कम्पलीड ओवर हॉल, पम्प, बैट्री, सैल्फ मरम्मत, अल्टीनेटर, ब्रेक, डिफेन्सल, कम्पलीट क्लच, हार्न, सनलाईट स्वीच, कमानी कार्य आदि | |
| 3. | यू.के.07 सीए 6211 | इंजन कम्पलीड ओवर हॉल, पम्प, यू0जे0क्रास, रकाब, रेडियेटर सर्विस, क्लच कम्पलीट, सैल्फ रिपेयर, डिफेन्सल कार्य, लाईट, कमानी आदि कार्य | |
| 4. | यू.के.07 सीए 4197 | इंजन कम्पलीड ओवर हॉल, पम्प, टायर–4, क्लच वायर, बैट्री टर्मिनल, साईड मिरर, डिस पैड, यूजे क्रास, कम्पलीड क्लच कार्य, कमानी कम्पलीड, लाईट, वायपर, शीशे, सनलाईट स्वीच, ब्रेक शू, रेडियेटर, आदि कार्य | |
| 5. | यू.के.07 सीए 4958 | इंजन कम्पलीड ओवर हॉल, टायर–4, सैल्फ, पम्प, कमानी, कम्पलीड क्लच, मिरर, गेयर सिफ्टर, जैक सील, सनलाईट स्वीच, डिफेन्सल आदि कार्य | |
| 6. | यू.के.07 सीए 4189 | इंजन कम्पलीड ओवर हॉल, पम्प, टायर–4, टर्मिनल–2, क्लच कम्पलीट, डिसपैट, स्पीडोमीटर, ब्रेकशू, जैक सील, सनलाईट स्वीच, चारो कमानी, रेडियेटर कार्य, लीड, डिफेन्स कार्य, गियर सिफटर, क्लच वायर, एक्सलेटर वायर आदि | |
| 7. | यू.के.07 सीए 4971 | इंजन कम्पलीड ओवर हॉल, पम्प कम्पलीट, बैट्री, कमानी, टर्मिनल–वायर, डिफेन्सल कार्य, क्लच कम्पलीट, साईलेन्सर गुटखे, स्पीडोमीटर, डीजल पाईप मेन, गेयर सिफटर, क्लच वायर, एक्सीलेटर वायर, शीशे, वायपर सैट, लाईट कम्पलीट, आदि कार्य | |
| 8. | यू.के.07 सीए 4202 | इंजन कम्पलीड ओवर हॉल, पम्प, क्लच वायर, एक्सलेटर वायर, टर्मिनल वायर, साईलेन्सर गुटके, रेडियेटर सर्विस, पेन्टिंग, गेयर सिफटर, यूजे, कम्पलीट कमानी, अल्टीनेटर, लाईट कम्पलीट, वायर, सैल्फ, क्लच कम्पलीट आदि कार्य। | |
| 9. | यू.के.07 सीए 6588 | इंजन कम्पलीड ओवर हॉल, पम्प, बैट्री, अल्टीनेटर, सैल्फ, ब्रेकशू, कमानी, डिफेन्सल, डिसपैड, वायर, स्वीच, रेडियेटर, स्पीडोमीटर, यूजेकास, कमानी रकाब, नटवोल्ट, लाईट कम्पलीड, शीशे, वाईपर मशीन, कम्पलीड क्लच, आदि कार्य। | |



Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | यू.के.07 सीए 6589 | इंजन कम्पलीड ओवर हॉल, पम्प, किन–पिन, ब्रेकशू, एक्सलेटर वायर, रेडियेटर सर्विस, वाटर बॉडी, सनलाईट स्वीच, साईड मिरर, जैक सील, वायपर ब्लैड, गियर सिफटर, यूजे, डिफेन्स, क्लच कम्पलीट, लाईट कम्पलीट, वायर कम्पलीट आदि। | |
| 11. | यू.के.07 सीए 4182 | इंजन कम्पलीड ओवर हॉल, पम्प, टायर–2, क्लच कम्पलीट, यूज, चारों कमानी, रेडियेटर सर्विस, सनलाईट स्वीच, शैलेन्सर, डिफेन्सल कार्य, वाटर बॉडी लाईट, वायर, शीशे, सैल्फ रिपेयर, ब्रेकशू, एक्सलेटर, क्लच वायर आदि कार्य। | |
| 12. | यू.के.07 सीए 4198 | इंजन कम्पलीड ओवर हॉल, पम्प, ब्रेक कार्य, हाइड्रोलिक जैक सील, क्लच एवं एक्सलेटर वायर, गियर सिफटर, कम्पलीट क्लच, यूजे, सनलाईट स्वीच, सैल्फ, अल्टीनेटर रिपेयर, रकाब, यू वोल्ट, डिफेन्सल कार्य, कम्पलीट लाईट, शीशे, टायर–4, सैल्फ, टायर, क्रास आदि कार्य | |

हस्ताक्षर निविदादाता

वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून



Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)

## नगर निगम, देहरादून (स्वास्थ्य अनुभाग)

## ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन में लगे नगर निगम के कूड़ा वाहनों (टाटा ऐस/हूपर) में आवश्यक मरम्मत कार्यो हेतु निविदा की शर्ते

1. निविदा सम्बन्धी जानकारी निगम कार्यलय में 11 बजे प्रातः से 4 बजे अपराह्न तक (रविवार एवं अवकास के दिवस को छोड़कर) कर सकते है तथा कार्य के सम्बन्ध में कोई अन्य आवश्यक सूचना भी प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म क्रय किये जाने के उपरान्त यह समझा जायेगा कि ठेकेदार ने कार्य के सम्बन्ध में सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है।
2. निविदाओं पर निर्णय मुख्य नगर अधिकारी द्वारा अथवा निगम द्वारा इस आशय से अधिकृत किसी अधिकारी द्वारा किया जायेगा। निविदा नोटिस में दिये गए निर्धारित समय पर निविदा खोली जायेगी, यदि निविदादाता चाहे तो निविदा खोलने के समय उपस्थित हो सकते है।
3. निविदा सीलबन्द मजबूत लिफाफे में भेजना आवश्यक है। लिफाफे पर निविदा शब्द लिखा जायेगा बगैर सील बन्द निविदा निरस्त कर दी जायेगी। निविदा मुख्य नगर अधिकारी, नगर निगम,देहरादून के नाम से प्रेषित की जायेगी।
4. निविदा के साथ धरोहर के रूप में रू0 30000/– का बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो लेखाधिकारी, नगर निगम, देहरादून के नाम प्लेज (बंधक) होगी, जमा करना अनिवार्य है। किसी अन्य खाते में जमा अथवा पूर्व से जमा धरोहर राशि मान्य नहीं होगी।
5. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त को होगा। यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम अथवा अन्य निविदा स्वीकार ही की जाय।
6. नगर आयुक्त/मा0 मेयर नगर निगम, के लिखित अनुमोदन के बगैर दरें मान्य नहीं होगी।
7. वाहनों की मरम्मत कार्यो के लिए अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
8. सामाग्री/उपकरण की मात्रा धट–बढ सकती है।
9. निविदा सम्बन्धी धरोहर राशि आपूर्ति की तिथि के एक वर्ष बाद वापस की जायेगी।
10. प्रत्येक वाहन की मरम्मत के लिए निविदादाता फर्म को वाहन का भली–भॉति वाहन कार्यशाला में आकर परीक्षण कर प्रत्येक वाहन के लिए अलग–अलग निविदा/दरें प्रेषित की जानी अनिवार्य है।
11. यदि कोई निविदादाता आपूर्ति आदेश के बाद निर्धारित समय में कार्य नहीं करता अथवा संतोष जनक रूप से कार्य नहीं करता अथवा शर्तो का उलंघन करता है तो निविदादाता की धरोहर राशि जब्त करते हुए उसका अनुबन्ध एवं निविदा को निरस्त किया जायेगा अथवा फर्म को ब्लैक लिस्ट किया जा सकता है।
12. फर्म को वाहनों की मरम्मत में टाटा के असली कल–पुर्जे लगाने होंगे तथा वाहनों में मरम्मत कार्य नगर निगम के मयूर विहार स्थित वाहन कार्यशाला में करना होगा।
13. वाहन की मरम्मत उपरान्त ट्रायल के समय कोई कमी अथवा पार्टश खराब पाये जाने पर सम्बन्धित निविदादाता को उसे तत्काल ठीक कराना होगा अथवा नया पार्टश बदल कर लगाना होगा, जिसके लिए अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. वाहनों की मरम्मत उपरान्त कार्य संतोष जनक होने पर फर्म के कुल भुगतान की धनराशि में से 10 प्रतिशत धनराशि को रोकते हुए उक्त धनराशि का भुगतान आगामी 02 माह में 5–5 प्रतिशत की दर से किया जायेगा।
15. फर्म को समस्त करों सहित निविदा दरें प्रस्तुत करनी होगी।
16. दरें स्वीकृत होने पर निविदादाता को सामग्री/मशीनरी की आपूर्ति करने से पूर्व 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।

उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए विभाग द्वारा निविदादाता को केवल एक बार ही सूचित किया जाना पर्याप्त होगा।

..............................................

मैने उपरोक्त नियमों एवं शर्तो का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लिया है यदि यह निविदा स्वीकृत होता है तो मैं/हम उपरोक्त नियमों एवं शर्तो का पालन करते हुए, निर्धारित अवधि में कार्य करने के लिए सहमत हूँ/है। मैने कार्य सम्बन्धी सभी विवरण देख लिये है व स्थल सहित समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है।

हस्ताक्षर निविदादाताः..........................

नामः ..............................................

पताः ..............................................

10/2/16

वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून



Print to PDF without this message by purchasing novaPDF (http://www.novapdf.com/)